Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 27-03-2023 अंक 524

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# रानीचुआं पंचायत के नरसिंघवा, धोबघट एवं परसातरी सड़क मरमम्मतीकरण का हुआ भूमि पूजन





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत रानी. चुआं पंचायत के नरसिंघवा, धोबघट एवं परसातरी में ग्रामीणों के लिए ग्राम जीतपुर से धोबघट होते हुए परसातरी तक सड़क मरम्मतीकारण को लेकर भूमि-पूजन का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष सह उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव एवं विशिष्ट अतिथि रानीचुआं पंचायत के स्थानीय मुखिया मुर्ती देवी, उपमुखिया किरण देवी एवं पंचायत समिति सदस्य पारो देवी शामिल हुई। वही कार्यक्रम का शुभारंभ नारियल तोड़कर एवं फीता काटकर किया गया। इस कार्यक्रम में मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र टुडू, वार्ड सदस्य सरस्वती देवी, विजय यादव, संतोष यादव, बा. बूलाल पासवान, भीम यादव, अर्जुन हांसदा, विशुन टुडू, रामधनी मुर्मू, तालो टुडू, सीकरी हांसदा, महेश शोरेन, बासुदेव हांसदा, जिबलाल मुर्मू, जिबलाल बास्के, दसरथ शोरेन, मोहन टुडू, बाबुजन हांसदा, लालजी मुर्मू, जगदीश मुर्मू, किशुन मुर्मू, मुंशी हांसदा, तुलेश्वर सिंह, सुरेंद्र सिंह, कार्तिक सिंह, बासुदेव सिंह, संतोष सिंह, राजू सिंह, लालो सिंह, कमल सिंह, जागेश्वर सिंह, टेकलाल सिंह, सुंदर हांसदा, रामकुमार सिंह, सचिन सिंह, भोला सिंह, बालेश्वर सिंह, चौधरी सिंह, विजय यादव, संतोष यादव, अर्जुन हांसदा, विशुन टुडू, रामधनी मुर्मू, तालो टुडू, सीकरी हांसदा, महेश शोरेन, बासुदेव हांसदा, जिबलाल मुर्मू, जिबलाल बास्के, दसरथ शोरेन, मोहन टुडू, बाबुजन हांसदा, लालजी मुर्मू, जगदीश मुर्मू, किशुन मुर्मू, मुंशी हांसदा, तुलेश्वर सिंह, सुरेंद्र सिंह, कार्तिक सिंह, बासुदेव सिंह, संतोष सिंह, राजू सिंह, लालो सिंह, कमल सिंह, जागेश्वर सिंह, टेकलाल सिंह, सुंदर हांसदा,रामकुमार सिंह, सचिन सिंह, भोला सिंह, बालेश्वर सिंह एवं चौधरी सिंह सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

## न्यूज ब्रीफ

### महुआडांड़ के बोड़ा कोना गांव में जंगली हाथी ने तोड़ा घर



**अपेम लाइव : लातेहार**

महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ रूप्रखंड में रविवार रात्रि में बोड़ा कोना गांव में एक जंगली हाथी द्वारा फुलदेव खलखो के घर ध्वस्त कर दिया गया। हालांकि रात्रि में घर में कोई मौजूद नही था। घर पर रखे अनाज एवं कपड़े समेत अन्य सामानो को भी हाथी द्वारा बर्बाद किया गया है।ज्ञात हो कि हाथी का घरो पर इन दिनों हमला बढ़ गया है।जंगली क्षेत्र के सुनसान जगहो में अकेला मकान के लोग रातों में डर से दूसरे घरो में रह रहे है। वनपाल अजय टोप्पो ने बताया आस-पास के ग्रामीणों के बीच मोबिल व पटाखा वितरण किया जा रहा है। वही घर छतिग्रस्त होने पर आवेदन मिलने के बाद मुआवजा का भुगतान किया जा रहा है।साथ हीं लोगों से निवेदन भी किया गया है, वह जंगल जाने से बचे, सुरक्षित रहें, वही बस्तियो में हाथी के आने पर वन विभाग को सूचित करें।

### बरही : चौती छठ अस्तचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य



**अपेम लाइव : बरही**

चौती छठ व्रत के तीसरे दिन सोमवार को घाटों पर अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंगलवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चार दिवसीय आस्था का महापर्व चौती छठ संपन्न होगा। इसके बाद छठ व्रती प्रसाद वितरण कर पारण करेंगी। बरही प्रखंड में जगह - जगह डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगो ने नहर व तालाब के किनारे पहुंचकर अस्तचलगामी सूर्य भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। दोपहर तीन बजे से व्रतधारियों के परिजन फलों, पकवानों व पूजन सामग्रियों से भरे डाला, सूप और दौरा अपने - अपने सिर पर लेकर छठ घाट पहुंचे। छठ व्रतधारी महिलाएं जलाशयों में भगवान सूर्य की और हाथ जोड़े खड़ी थी। साथ ही छठ पूजा को लेकर छठ घाट को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

### बारेसांढ़ में रामनवमी को लेकर बाइक जुलुस का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**

गारू/लातेहार : गारू प्रखंड के बारेसांढ़ में रामनवमी बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसको लेकर रामनवमी पूजा महासमिति के तत्वावधान में सोमवार को बारेसांढ़ पंचायत सचिवालय से राम भक्तों ने बाइक रैली निकाली। रैली डाल्टेनगंज महुआडांढ़ मुख्य मार्ग से होते हुए बाजार, यादव मोड़, लालमटिया, रामसेली तथा पहाड़कोचा के बाद जय श्री राम के नारे के साथ अपने अपने अखाड़े में वापिस पहुंचे। कार्यक्रम में महासमिति के अध्यक्ष रंजीत कुमार, रामदास यादव, राजू कुमार, पवन कुमार तथा सैकड़ो रामभक्त उपस्थित रहे।

# संस्कार युक्त शिक्षा देना ही प्रत्येक आचार्य का कर्तव्य होनी चाहिए

## भामाशाह विद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला का अयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में दो दिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला-2023 का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि मध्य विद्यालय बरही के सेवा. निवृत प्रभारी प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद रुखरियार, विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, साहू, समाज के पदेन मुखिया सदस्य सुरेश साव और विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पार्चन कर संयुक्त रूप से किया गया। तदोपरांत मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला का प्रथम दिवस पाँच सत्रों में संचालित की गई। प्रथम सत्र का विषय वंदना के पश्चात् संक्षेप में कार्यशाला की प्रस्तावना एवं अतिथि के उद्‌बोधन, द्वितीय सत्र में विद्या भारती शिशु योजना, तृतीय सत्र में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा पर चर्चा, चतुर्थ सत्र में विभागों का बंटवारा और पंचम सत्र में विद्यालय का वार्षिक कार्य योजना पर चर्चा आदि विषय को सम्मलित किया गया। इस कार्यशाला में वार्षिक शैक्षणिक सहित अन्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। विद्यालय को सुचारू रूप से संचालित करने, शैक्षणिक और आर्थिक बिंदुओं पर चर्चा सहित तैयार वार्षिक कार्य योजना की जानकारी कराना इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य रहा। कार्यशाला की भूमिका रखते हुए प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि शैक्षणिक पक्ष को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विद्या भारती अपने विद्यालय में प्रतिवर्ष इस तरह की कार्यशाला का आयोजन करती है। मुख्य अतिथि ने सभी आचार्यों को अपने दायित्व का पालन करने की सलाह देते हुए कहा कि संस्कार युक्त शिक्षा देने में विद्यालय का महत्वपूर्ण योगदान है। बच्चों और अभिभावकों को तालमेल स्थापित कर शिक्षा में योगदान देना चाहिए। द्वितीय सत्र में हजारीबाग विभाग के विभाग निरीक्षक ओमप्रकाश सिन्हा जी ने विद्या भारती शिशु योजना पर अपने विचार रखते हुए विद्या भारती की कार्यप्रणाली और उसके आधारभूत विषयों पर विस्तृत चर्चा किए। कार्यक्रम का संचालन नेहा झा और धन्यवाद ज्ञापन चंद्रमोहन मिश्र के द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदी जी ने पूरी तन्मयता के साथ अपना बहुमूल्य योगदान दिया। कार्यशाला में मनीष सिन्हा, राजू साव, लिंकेशवर राणा, चंद्रमोहन मिश्रा, रश्मि कुमारी, जुली कुमारी सहित विद्यालय के सभी आचार्य एवं आचार्य मौजूद रहे।




कार्यशाला को संबोधित करते राजेंद्र रुखरियार




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांकः 27-03-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## विष्णुगढ़ के करगालो में संचालित अवैध आरा मिल में छापेमारी, बड़ी मात्रा में लकड़ियां बरामद

### नवरत्न साव को बनाया गया है आरोपी, पूर्व से दर्ज हैं पांच मामले

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


अवैध आरा मिल को जेसीबी से ध्वस्त करवाती वन विभाग की टीम

हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल के डीएफओ के निर्देश पर सोमवार को विष्णुगढ़ में अवैध आरा मीलों के खिलाफ सघन छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें प्रखंड के करगालो में अवैध रूप से संचालित एक आरा मिल पर छापेमारी की गई। अवैध रूप से स्थापित आरा मिल, सीमेंटेड आरा बेंड स०, प्लेटफार्म को जेसीबी की मदद से उखाड़कर धराशाई कर दिया गया। आरा मिल में रखे गई लकड़ियों के अलावा उपस्करों में आरा पत्ती, रबर बेल्ट, फाउंडेशन प्लेट, ताजा कुन्नी, विभिन्न प्रजाति के बोटा एवं चिरान लकड़ियों को बरामद किया गया। जिसका बाजार मूल्य करीब 70 हजार रुपये है। जब्त सभी लकड़ियों एवं उपस्करों को ट्रैक्टर पर लादकर रेंज अ०फिस, सरिया ले जाया गया। मामले में करगालो निवासी नवरत्न साव पर भारतीय वन अधिनियम एवं बिहार काष्ठ चिरान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीएफओ ने बताया कि नवरत्न साव के ऊपर पूर्व से पांच मामले दर्ज हैं और न्यायालय से इसकी गिरफ्तारी वारंट निर्गत करने की कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी का नेतृत्व वन परिसर पदाधिकारी अंशु कुमार कर रहे थे। अभियान में प्रक्षेत्र के अंशु कुमार, हीरामन कुमार, रजा अहमद, संजीत वर्मा, रंजन कुमार, भुनेश्वर मंडल, सोमनाथ मोदक, देवनारायण दास, रवि कुमार समेत अन्य वनरक्षी शामिल थे।

## वार्षिक हस्तकला परीक्षा में बच्चों ने बनाए एक से बढ़कर एक मॉडल, लगाई प्रदर्शनी

### नवोदय पब्लिक स्कूल में हस्तकला परीक्षा का अयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



नवोदय पब्लिक स्कूल साधनापुरी, कोनरा, बरही में वार्षिक हस्तकला परीक्षा में बच्चों के द्वारा स्व निर्मित म०डल प्रस्तुत किया गया। जिसमें प्राचार्य सुधीर चंद्र के निर्देशन में ट्रैफिक लाइट, वाटर फ्यूरी फिकेशन, जामा मस्जिद, पार्क, सोलर सिस्टम, एफिल टावर, जर्मिनेशन सिस्टम, ग्लोब, सेटेलाइट फंक्शन, पृथ्वी का घूर्णन, फ०रेस्ट, एटीएम, सी बीच, सड़क यातायात, यूकेजी क्लास के बच्चों के द्वारा पोट पेंटिंग, नर्सरी क्लास के बच्चों के द्वारा फिंगर प्रिंटिंग, एलकेजी क्लास के बच्चों के द्वारा मैच स्टिक एंड पेंसिल क्राफ्ट बनाकर उसकी उपयोगिता की जानकारी दी। इसके साथ ही प्रदर्शनी की गई प्रोजेक्ट में प्यासा कौवा, राजा राममोहन राय, रविंद्रनाथ टैगोर, लाल किला आदि का चित्र प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में आर्यन कुमार यादव, रिद्धि वर्मा, आलिया परवीन, लक्ष्मण कुमार, जिसान , नवाजिश, नसीम, फरहान, विशाखा, करीना, सलोनी, सोनम कुमारी, अनिता कुमारी, दिलशान, दीप्ति आनंद आदि बच्चों के द्वारा बनाया गया म०डल बेहतर रहा। प्राचार्य सुधीर चंद्र ने बताया की उनके विद्यालय में बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखारने के लिए इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहते हैं। हस्तकला कार्यक्रम को सफल बनाने में में शिक्षक संजय कसेरा, विकास शर्मा, नियाज उस्मानी, शिक्षिका मोनिका कुमारी, दीपा वर्णवाल, सोनाली तिवारी, गुलफसा परवीन आदि ने सहयोग किया।

## चंदवा प्रखंड के सिकनी,किता समेत अन्य गांव में फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुए कई ग्रामीण

**अपेम लाइव । लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहारः जिले के चंदवा प्रखंड के सिकनी गांव में फूड प्वाइजनिंग से एक दर्जन से अधिक ग्रामीण गंभीर रूप से बीमार हो गए हैं। घटना की जानक.ारी मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों का उपचार शुरू किया। वहीं गंभीर रूप से बीमार हुए ग्रामीणों को अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि सभी लोग सरहुल को लेकर गांव में बांटे जा रहे चना और गुड़ को खाया था। इसके बाद रविवार की रात कई लोगों को अचानक उल्टी और दस्त होने लगी। एक साथ दर्जनों से अधिक ग्रामीणों के एक ही प्रकार की बीमारी से पीड़ित होने उस पूरे गांव में खलबली मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम तत्काल गांव पहुंचकर बीमार लोगों का उपचार आरंभ कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद लातेहार सिविल सर्जन डॉदिनेश कुमार के निर्देश पर गांव में मेडिकल टीम भेजकर कैंप लगाया गया।मेडिकल टीम के द्वारा सभी पीड़ित ग्रामीणों का उपचार किया गया।वहीं गंभीर अवस्था में बीमार पड़े ग्रामीणों को चंदवा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।इस सम्बन्ध में सिविल सर्जन ने बताया कि सभी बीमार लोगों का इलाज किया जा रहा है।अभी स्थिति नियंत्रण में है। सीएस ने कहा कि ग्रामीण कैसे बीमार पड़े इसकी जांच की जा रही है।

## अनुमंडलीय अस्पताल में प्रसव के लिए हो विशेषज्ञ महिला चिकित्सको की पोस्टिंग : महेश ठाकुर

### महिला चिकित्सक के अभाव में असहज महसूस करती है महिलाए

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


महेश ठाकुर

बरही अनुमंडलीय अस्पताल में प्रसव कराने के लिए विशेषज्ञ महिला चिकित्सक की पोस्टिंग करने की मांग एनसीपी नेता सह बरही विधान सभा प्रभारी महेश ठाकुर ने झारखंड सरकार से की है। इस बाबत उन्होंने मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री को लिखे पत्र में बताया है की बरही अनुमंडलीय अस्पताल तीन तीन एनएच के संगम पर स्थित है। सुविधाजनक पहुंच पथ एवं संसाधन उपलब्ध रहने के वजह से पूरे बरही अनुमंडल के महिला लाभुक अपना प्रसव कराने पहुंचती है। लेकिन विडंबना है की इतने बड़े हॉस्पिटल में नियमित महिला चिकित्सा की पोस्टिंग नही हुई है। सप्ताह के सातों दिन महिला चिकित्सक नही रहती हैं। जिसके वजह से क्रिटिकल केसेस में काफी परेशानी होती हैं। कई बार स्थिति इतनी खराब हो जाती है की ड्यूटी में कार्यरत नर्स को भी समझ में नहीं आता है और ऐसी स्थिति में उन्हे महिला चि.कत्सक की कमी खलती है। महिला चिकित्सक परमानेंट नही रहने के कारण मजबूरन पुरुष चि.कत्सक से जांच करानी पड़ती है। जिसमे महिलाए उस वक्त अपने आपको असहज महसूस करती हैं। एनसीपी नेता महेश ठाकुर ने बताया की पिछले दिन भी हरला तुरी टोला की एक महिला की बच्चे की मौत प्रसव के दौरान हो गई। क्योंकि उस समय कोई महिला चिकित्सक नही थी। महिला चिकित्सक के रहने से बच्चे को बचाया भी जा सकता था। उन्होंने सरकार से बरही अनुमंडलीय अस्पताल के लिए केवल प्रसव के लिए तीन महिला चिकित्सक की पोस्टिंग की मांग की है।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## सीएचसी महुआडांड़ में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ प्रखंड के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सोमवार को प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया।इस दौरान विभिन्न प्रकार की बीमारीयों की जांच, उपचार हेतु स्टोल लगाये गए थे।इससे पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम नीत निखिल सुरीन, विशिष्ट अतिथि दंडाधिकारी जितेंद्र कुमार, बीडीओ अम. रेंग डांग, जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज को चिकित्सा प्रभारी डॉ अमित खलखो एवं प्रखंड स्वास्थ्य टीम द्वारा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ महुआडांड़ एसडीएम नीत निखिल सुरीन के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया।वहीँ पोषण क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले एएनएम एवं सहिया, शीला नगेसिया, शुसिला नगेसिया, मेरी देवी, फिलिसीता लकड़ा, संगीता देवी, और चन्द्रकला देवी को एसडीएम के हाथो पुरस्कार दिया गया।इस कार्यक्रम में प्रखंड भर से भारी संख्या में ग्रामीण पहुंचे हुए थे।

## एसडीएम के नेतृत्व में महुआडांड़ थाना पुलिस ने शहरी क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्द के माहौल में मने इसे लेकर सोमवार को महुआडांड एसडीएम नीत निखिल सुरीन के नेतृत्व थाना पुलिस ने शहरी क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। एसडीएम के नेतृत्व में थाना परिसर से निकली फ्लैग मार्च शास्त्री चौक, बिरसा चौक, रामपुर एवं डीपाटोली बस्ती होते हुए बस स्टैंड पहुंची।इसके बाद प्लेग मार्च थाना परिसर में पहुंच समाप्त किया गया। इस दौरान एसडीएम ने लोगों से पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। मौके पर दंडाधिकारी जितेंद्र कुमार,सर्किल इंस्पे. क्टर धर्मदेव पासवन,थाना प्रभारी आशुतोष यादव, सअनि कमर आलम, पुआनि संजय रतन, रौशन कुमार जिला पुलिस बल एवं आईआरबी से जवान मौजूद थे।

## श्रीरामनवमी महासमिति करियातपुर के अध्यक्ष बने धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद

### सचिव प्रदीप केशरी व करियातपुर मुखिया मनोज कुमार बनें कोषाध्यक्ष

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



नव चयनित रामनवमी महासमिति करियातपुर के पदाधिकारी एवं सदस्य

श्रीरामनवमी पूजा महासमिति की गठन को लेकर रविवार को करियातपुर मीटिंग हoल में बैठक आयोजित किया गया। अध्यक्षता करियातपुर मुखिया मनोज कुमार ने की । बैठक में 2023 की रामनवमी पूजा को सुचारु रूप से संपन्न कराने को लेकर रामनवमी पूजा महासमिति के गठन का प्रस्ताव लिया गया। इसमें धनवार , करियातपुर , दुलमहा पंचायत के विभिन्न अखाड़ा से जुड़े लोगों ने रामनवमी पूजा महासमिति के गठन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। जहां सर्वसम्मति से श्रीरामनवमी महासमिति का गठन किया गया। जिसमें श्रीरामनवमी महासमिति के अध्यक्ष धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, सचिव प्रदीप केशरी, सहसचिव संतोष केशरी, उपाध्यक्ष अनिल केशरी, कोषाध्यक्ष करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, सहकोषाध्यक्ष संतोष प्रजापति, संरक्षक तोखन प्रजापति, मुरली मनोहर प्रसाद केशरी, बाबूलाल पासवान, सुरेश साव, किशोरिमोहन पाण्डेय, नंदलाल कुशवाहा, जितेंद्र गिरी, नारायण यादव, सुरेश कुशवाहा को मनोनीत किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्रीरामनवमी महासमिति के नवमनोनित अध्यक्ष धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करते हुए भग. वान राम की जयंती मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आज के युवा वर्ग अपना नियंत्रण खो देते है, जिसके कारण समाज में परेशानी होती है, इसलिए उन्होंने युवा वर्ग के लोगों से अपील करते हुए कहा कि युवा मर्यादाओं का पालन करते हुए भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाएं। मौके पर मौके पर रंजीत कुमार पांडेय, सुरेश प्रसाद, ओमप्रकाश गुप्ता, नंदलाल प्रसाद, किशोरीमोहन पाण्डेय, अनिल केशरी, सुरेश प्रसाद कुशवाहा, महेश प्रसाद, अनिल कुमार, ब्रह्मदेव प्रसाद यादव, बाबूलाल पासवान, चंदन कुमार केशरी, सागर कुमार, रंजीत कुमार सोनी, संदीप केशरी, प्रकाश प्रजापति, बिनोद कुमार केशरी, जवाहर प्रसाद कुशवाहा, सुनील भुइयां, राधिका पांडेय, रिंकू कुमार साव, अशोक पासवान, देवानंद प्रसाद, राजकुमार राणा, सागर कुमार केशरी, धर्मेंद्र कुमार प्रजापति, चंदन कुमार, महेंद्र प्रसाद, नकुल रविदास, संतोष केशरी, प्रकाश साव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

JHNH Reg. No. 2036000613
जीवन हेल्थ नर्सिंग होम
हमारे यहाँ सभी प्रकार का ईलाज किया जाता है।
सामान्य एवं सुरक्षित प्रसव (नार्मल डिलेवरी) की विशेष सुविधा उपलब्ध है।

अपेंडिक्स, बवासीर, हर्निया, हाईड्रोसिल, पथरी, बच्चेदानी इत्यादि ऑपरेशन की विशेष सुविधा उपलब्ध है।

BLOOD TEST
CBC, Sugar, L.F.T, K.F.T, Lipid Profile, Thyroid, Tuberculosss, Urine R/E etc
यहाँ सभी प्रकार के जाँच की सुविधा है।
24/7 Emergency Services
7903856586
9931874590
NH-2 लस्करी मोड़, रसोईया धमना, बरही
नियर-लोक नायक फैमिली रेस्टोरेन्ट-825405

अपेम ट्रस्ट हॉस्पीटल
APEM TRUST HOSPITAL
Contact No.- 9934337941, 9934337952, 7004427032, 9123223359, 7870810332
A UNIT OF APEM WELFARE FOUNDATION
Regd. No.- U85300/JH/2022/NPL019305
Reg. No. 2036000529
जेनरल सर्जरी, हड्डी, नस एवं जोड़, स्त्री रोग, नि:संतातता, प्रसव
नि:शुल्क
महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी ऑपरेशन
सुविधाएँ :-(अपेम वेलफेयर फॉउंडेशन के सौजन्य से)
लाभार्थी को 1000 रुपए प्रोत्साहन राशि
उत्प्रेरक ANM, सहिया को 500 रुपए
मुफत दवा-सूई (सरकारी मानकों के अनुसार)


APEM MEDICAL & PARAMEDICAL TEAM

पता :- न्यू कॉलोनी, धनबाद रोड़, बरही (हजारीबाग)
संपर्क सूत्र : 9934337941, 9934337952, 7004427032, 9123223359

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## डीएवी में अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी आयोजन सह वार्षिक परीक्षा परिणाम पत्र का वितरण

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : स्थानीय भोला शरण डीएवी पब्लिक स्कूल, में सोमवार को अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2022-23 के वार्षिक परीक्षा परिणाम पत्र का वितरण किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने विद्यालय परिवार के साथ वैदिक मंत्रोच्चार एवं गायत्री मंत्र किया । तत्पश्चात विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टॉपर्स विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों के संग विद्यालय में आमंत्रित कर के परीक्षा परिणाम पत्र प्रदान किया गया।इस अवसर पर अभिभावकों ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से दूसरे विद्यार्थियों को बेहतर रिज़ल्ट करने की सकारात्मक प्रेरणा और ऊर्जा मिलती है । वहीँ प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन और परीक्षा विभागाध्यक्ष सह विद्यालय के एकेडेमिक इंचार्ज राकेश रंजन तिवारी ने कहा कि डीएवी विगत वर्षों में ऑनलाइन और वर्तमान में ऑफलाइन पढ़ाई लिखाई के साथ साथ बच्चों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए तथा सर्वागीण विकास एवम सभी तरह के सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्य करने के लिए तत्पर है। विद्यालय के एडमिशन इंचार्ज सूरज कुमार मिश्रा ने अभिभावकों को नए शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए नए नामांकन से जुड़ी कई जानकारियां प्रदान की । उन्होंने कहा कि विद्यालय में नए सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ है । नए सत्र के लिए कक्षाओं का शुभारंभ आगामी 03 अप्रैल 2023 से होगा । विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने अभिभावकों से बच्चों के प्रति सकारात्मक सोच रखने ,उनके भावों का आदान प्रदान करने और उन्हें एक जिम्मेदार अभिभावक होने का एहसास दिलाने की अपील की । उन्होंने उपस्थित सभी अभिभावकों का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए अभिभावक, शिक्षक और विद्यार्थी सभी अपने-अपने परस्पर उत्तरदायित्वों को समझें ।अभिभावकों ने भी विद्यालय प्रबंधन परिवार को कई प्रकार के सुझाव प्रदान किये एवं विद्यालय के शैक्षणिक कार्यो की सराहना करते हुए विद्यालय को हर सम्भव सहायता के लिए आश्वस्त किया । साथ ही साथ डीएवी के प्रभारी प्राचार्य की विद्यालय क्रिया कलाप के लिए सराहना की। अभिभावकों ने कहा कि श्री प्रभात रंजन विद्यालय के शैक्षणिक विकास के लिए हर संभव प्रयासरत हैं । विद्यालय हित में लातेहार जिला के हर अभिभावक उनका सक. ारात्मक सहयोग करेंगे ।इस गोष्ठी में विद्यालय के वरीय शिक्षक अरुण कुमार पांडेय, रवि प्रकाश तिवारी ,सुशील दुबे, बसंत कुमार, शिक्षिका शकुंतला पाल एवं विद्यालय के अन्य कार्यालय कर्मचारी, सैकड़ों विद्यार्थी , अभिभावक उपस्थित थे।

## सीआरपीएफ 11 बी बटालियन द्वारा सिविक एक्शन के तहत कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**उमेश यादव**




गारू/लातेहार : गारू प्रखंड के लूहूरटांड़ प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में सीआरपीएफ के ग्यारहवीं बी बटालियन द्वारा सिविक एक्सन के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वेदप्रकाश त्रिपाठी (कमाण्डेन्ट) सी.आर.पी.एफ. 11 बटालियन लातेहार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निःशुल्क चिकित्सा जाँच, दवा तथा मच्छरदानी वितरण के साथ देश भक्ति के चलचित्र (फिल्म) का फिल्मांकन किया गया । जिसमें गारू क्षेत्र के ग्राम करवाई तथा धांगरटोला पंचायत के सभी गाँव के ग्रामीणो ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। बटालियन के कमाण्डेन्ट वेदप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में डॉ रुपेश कुमार साहु (वरिष्ट चिकित्सा अधिकारी) 11 बटालियन के द्वारा ग्रामीणों के बीच निःशुल्क चिकित्सा जाँच एवम दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर कंपनी के कमाण्डेन्ट वेद प्रकाश त्रिपाठी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया की ग्रामीण अंचल में चिकि. कत्सा सुविधाओं का अभाव होने के कारण ग्रामीणों को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा नही मिल पाती है, इस कमी को पूरा करने के क्रम मे सी.आर.पी.एफ. समय-समय पर निःशुल्क चिकित्सा जाँच एवम दवा वितरण तथा अन्य जरूरत की वस्तुओ का वितरण जरूरतमंद ग्रामीणों के लिए करती रहेगी। इस तरह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य सुरक्षाबल तथा आम जनता के बीच सम्बंध स्थापित करना है। सीआरपीएफ पहले भी जन कल्याणकारी वस्तुएँ जैसे गरीबों को कपड़े, कम्बल, खेलकुद सामग्री उन्नत किस्म के फसली बीज आदि का वितरण किए हैं। इस अवसर पर विनोद कुमार कनौजिया (द्वितीय कमान अधिकारी), प्रणव आनन्द झा (उप कमा.) चन्द्रशेखर कुशवाहा, (सहा. कमा),मुखिया प्रभा देवी तथा अन्य लोग मौजूद रहे।

## अम्बाजीत में हो रहे महायज्ञ मे शामिल हुए : रोशनलाल चौधरी

### क्षेत्रवासियों को सुख समृद्धि एंव खुशहाली बरसाते रहें।रौशनलाल

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव ।अम्बाजीत मे चल रहें श्री श्री 1008 रूद्र चंडी महायज्ञ में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशन लाल चौधरी पहुँच कर माँ शतचंडी की आराधना के पश्चात यज्ञ मंडप मे परिक्रमा लगाकर कहा की माँ भवानी पुरे बड़कागांव विधानसभा की जनता का कल्याण करें,क्षेत्रवासियों को सुख समृद्धि एवम खुशहाली बरसाते रहें।साथ ही साथ क्षेत्र के युवाओं को रोजगार मिले। हर तरफ भाईचारा का वातावरण बना रहे। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, तपेश्वर कुमार तापस, कामेश्वर महतो, चंदन सिंह ,कामेश्वर महतो, यज्ञ समिति अध्यक्ष गोपीनाथ सिंह, सचिव अशोक सिंह, उपाध्यक्ष परमानंद दास, कोषाध्यक्ष राम पदारथ सिंह,ग्राम अध्यक्ष अजय सिंह, सचिव अवधेश सिंह, कोषाध्यक्ष निर्भय कुमार, पुजारी अर. विंद सिंह, रवि सिंह, प्रफुल्ल सिंह, विवेक सिंह, देवकांत सिंह, भंडारी पारस नाथ सिंह, शक्ति सिंह ,मै. नेजर सिंह, जय कांत सिंह,विनोद सिंह सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बड़कागांव मां बसंती दुर्गा पूजा में कलश यात्रा निकाली भारी संख्या में लोग हुए शामिल





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : दैनिक बाजार मां बसंती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अरविंद वर्मा एवं सचिव मनोज सोनी के संचालन में रामनवमी की कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा बड़कागांव दैनिक बाजार ,कुशवाहा मोहल्ला, विश्वकर्मा मोहल्ला, बसरिया टोला, बर टोला, मुस्लिम मोहल्ला मस्जिद मार्ग , ठाकुर मोहल्ला , प्रेम नगर रेंज अ0फिस मुख्य चौक थाना रोड होते हुए गुरु चट्टी नदी पहुंचा। जल का उठाव कर नटराज नगर होते हुए लोग कलश लिए मंदिर परिसर पहुंचे। तत्पश्चात पुरोहित के द्वारा मां दुर्गे की पूजा अर्चना की गई। कलश यात्रा में प्रशासन के द्वारा निर्धारित साउंड सिस्टम नियम का पालन किया गया जिसमें समिति के द्वारा मात्र 6 चोन्गा ही बजाया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक लोकनाथ महतो , रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बिंदु दांगी,पुरोहित रमनेश मिश्रा,मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, रामसेवक सोनी ,अध्यक्ष अरविंद वर्मा, सचिव मनोज सोनी, गौतम वर्मा, कोषाध्यक्ष महेश सोनी ,सां. वरमल अग्रवाल, कोलेश्वर सोनी, राजू सोनी, शंभू चौरसिया, लखन विश्वकर्मा, बृजेश वर्मा,पुजारी भुनेश्वर सोनी , दुर्गा सोनी, हीरा सोनी ,अनिल सोनी, संतोष सोनी, मुरली सोनी ,राज किशोर सोनी, के अलावा कई लोग उपस्थित थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## बरही रामनवमी पूजा समिति ने प्रमुख एवं समाजसेवी मो कयूम को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड सह अंचल कार्यालय में स्थित प्रमुख कार्यालय पहुंचकर बरही महावीर मंडल रामनवमी पूजा समिति के सदस्यों ने प्रमुख मनोज रजक एवं पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं मो कयूम ने कमेटी के सदस्यों का आभार जताया साथ ही उन्होंने रामनवमी का महत्व बताते हुए कहा की यह पर्व भारत में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है। रामनवमी के दिन जी चौत्र नवरात्र की समाप्ति भी होती है। हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार इस दिन भगवान श्री राम जी का जन्म हुआ था अतः इस शुभ तिथि को भक्त लोग रामनवमी के रूप में मनाते है। सम्मानित करने वाले सदस्यों में गुरुदेव गुप्ता, उदय केशरी, अमित जयसवाल, कपिल साहू, आकाश मधेशिया, छोटू कुमार एवं शशि केशरी शामिल है।

## चंदवारा गोरी नदी छठ घाट पर डूबते सूर्य को अर्घ्देते श्रद्धालु

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**



कोडरमा चंदवारा प्रखंड अंतर्गत गौरी नदी में चौती छठ पर डूबते सूर्य को अर्घ देते श्रद्धालुओं का नजारा देखने को मिला बता दे की चंदवारा प्रखंड मैं बहुत कम छठ वर्ती चौती छठ करते हैं देखा जाए तो पूर्व में इस घाट में मात्र एक छठ डलीया ही घाट पर छठ करने को आती थी लेकिन अब धीरे-धीरे छठ बरतियो मै छठ के प्रति आस्था देखने को मिल पा रहा है जो कि इस वर्ष अधिक लोग घाट पर जुटे विगत कई वर्षो से अधूरा पड़े छठ घाट निर्माण में भी तेजी से काम हो रहा है जो की आने वाले कार्तिक छठ में छठ व्रतियों को काफी सु. विधा मिलेगी छठ घाट में श्रद्धालुओं मैं मनोज पंडित, भूषण यादव, मुकेश यादव, बबलू पासवान, कुंदन कुमार, महेश पंडित, लालू पंडित व अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## समाजसेवी ईश्वर साव केशरी का 102 वर्ष में निधन, बरही के लिए अपूरणीय क्षति

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


ईश्वर साव केशरी

तिलैया रोड बरही निवासी 102 वर्षीय वरिष्ठ समाजसेवी ईश्वर साव केशरी का सोमवार सुबह साढ़े 11 बजे निधन हो गया। स्व ईश्वर साव केशरी झारखंड केशरवानी वैश्य सभा के महामंत्री भगवान केशरी के पिता थे। वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। अंग्रेजी शासन व्यवस्था को वे काफी करीब से देखे थे। उनके निधन से बरही में शोक की लहर है। भगवान केशरी ने बताया की मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे उनका अंतिम संस्कार बरही मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा उनके पैतृक मकान पटना रोड बरही से निकलेगा। ईश्वर केशरी के निधन का समाचार जैसे ही फैला लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पहुंचने लगे। निधन पर विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी, भगवान केशरी, टीएसएस नेता अरुण साहू, रमेश ठाकुर, एनसीपी नेता महेश ठाकुर, भुनेश्वर यादव, बिनोद विश्वकर्मा, डॉ अनिल कुमार, डॅरप्रकाश ज्ञानी, राजद नेत्री पूनम यादव, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, बलराम केशरी, काशी केशरी, महेंद्र केशरी, उमेश केशरी, मेवालाल केशरी, सुबोध कुमार, सरयू साव ने शोक व्यक्त किया है।

## जिप सदस्या ने जले ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग की

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत जिला परिषद भाग 7 के जिला परिषद सदस्या प्रेरणा प्रिया ने प्रखंड क्षेत्र में खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए जिला मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर अविलंब बदलने की मांग की है वहीं जिला परिषद सदस्या प्रेरणा प्रिया ने बताई की झुंरझुरी पंचायत अंतर्गत सक्रेज में 100 केवीए ट्रांसफार्मर , कोनहारा खुर्द पंचायत अंतर्गत मस्जिद के पास 200 केवीए ट्रांसफार्मर, बरकट्ठा उत्तरी पंचायत अंतर्गत बरकट्ठा बाजार में 200 केवीए ट्रांसफ०र्मर ,गोरहर पंचायत अंतर्गत सिवा टोला में 25 केवी ट्रांसफार्मर ,गोरहर पंचायत अंतर्गत पहाड़पुर में 25 केवीए ट्रांसफार्मर, ग्राम पंचायत अंतर्गत पहाड़पुर में 25 केवी ट्रांसफार्मर झुरझुरी पंचायत अंतर्गत वार्ड 9 में 100 केवीए ट्रांसफ०र्मर विगत कई दिनों से खराब रहने से लोग अंधेरे में रहने को विवश है ।वहीं दसवीं और बारहवीं बोर्ड की परीक्षा चल रही है जिसमें छात्र छात्राओं को परीक्षा की तैयारी करने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है , वहीं बिजली की इस दयनीय स्थिति को देखते हुए जिला परिषद सदस्या ने मुख्य अभियंता समेत सभी वरीय पदाधिक. ।रियों से खराब ट्रांसफार्मर को शीघ्र बदलने की अपील की है।

## ब्रह्म विद्या बिहंगम योग ने किया साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही हजारीबाग रोड में स्थित शकुंतला पैलेस में ब्रह्म विद्या विहंगम योग द्वारा साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन सत्संग प्रभारी कृष्णा गुप्ता के अध्यक्षता में किया गया। जिसमे ओंकार ध्वनि, स्वागत गान, मंगलगान एवं माल्यार्पण सामूहिक रूप से किया गया। साथ ही ज्ञानगुदड़ी अनमोल राणा, उद्घोष सत्येंद्र सिंह, स्वर्वेद पाठ ममता देवी एवं भजन कैलाश प्रसाद केशरी द्वारा किया गया। सत्संग प्रभारी कृष्णा गुप्ता ने बताया की ब्रह्म विद्या वि. हंगम योग सनातन एवं चेतन विद्या है। यह परमात्मा प्राप्ति का चेतन मार्ग है। इसकी साधना से ही परमात्मा की प्राप्ति होती है। मौके पर अनमोल राणा, किशोरी उर्फ सत्येंद्र सिंह, ममता देवी, राजदेव सिंह, कैलाश प्रसाद केशरी, रामचंद्र दास, पप्पू राम एवं प्रमोद कुमार गुप्ता मौजूद थे।

## अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दे व्रतियों ने सुख-समृद्धि की कामना की

**अपेम लाइव । लातेहार**
**मो. रुस्तम**




महुआडांड़/लातेहार : चौती छठ का पहला अर्घ्य सोमवार को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को दिया गया ।प्रखंड के रामपुर स्थित छठ घाट पर पहुंच छठ व्रती महिलाए एवं उनके परिजनों ने डूबते हुए सूर्य को पहला अर्घ्य दिया। इस दौरान छठी मैईया की गीत एव भगवान भास्कर की जय जय कार छठ घाट पर होती रही। बाजार क्षेत्र से पहुंची छठ व्रती महिलाओं में रेखा देवी, सुलेखा गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, संजू देवी, गायत्री देवी ने बताया कि मन्नत पूरी होने के बाद चौती छठ कर रही हूं ।छठ व्रती के परिजनों ने कहा, लगभग पिछले चार सालों से छठव्रती चौत छठ करने लगें है। हांलाकि इस दौरान घाट को सजाया संवारा नही गया है। वही समाज के द्वारा घाट को हल्का-फुल्का साफ सफाई की गई ।ताकि छठव्रती महिलाओं को कोई परेशानी ना हो।

## बड़कागाँव की छात्रा को झारखंड सरकार ने एक लाख का चेक, लैपटॉप और मोबाइल देकर किया सम्मानित

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागाँव : 2022 इण्टर आर्ट्स की परीक्षा में राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली प्लज़ टू उच्च विद्यालय बड़कागाँव की छात्रा आँचल कुमारी ,पिता युगल महतो (नटराज नगर )को स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग द्वारा वार्षिक माध्यमिक एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा -2022 के स्टेट टॉपरों के लिए प्रोजेक्ट भवन धुर्वा ,रांची के क०न्फ्रेंस ह०ल में आयोजित श्राज्यस्तरीय पुरस्कार वितरण समारोहश में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जैक अध्यक्ष अनिल महतो के द्वारा एक लाख का चेक, लैपट०प और मोबाइल देकर किया सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभाग द्वारा राज्य के मैट्रिक व इण्टर के प्रथम,द्वितीय व तृतीय टॉपरों को क्रमशः तीन लाख,दो लाख व एक लाख के अतिरिक्त लैपट०प और मोबाइल देकर सम्मानित किया गया ।समारोह में आँचल के साथ विद्यालय प्रबधंन समिति के अध्यक्ष संदीप कुमार सिंह,पूर्व इण्टर स्टेट टॉपर व युवा लेखक बिपिन कुमार,आँचल के पिता इस गौरवान्वित पल में शामिल थे ।मौके पर बिपिन कुमार व संदीप कुमार ने कहा कि आँचल ने बड़कागाँव का नाम राज्य में रोशन की है आँचल व उनके माता पिता क्षेत्र में प्रेरणा के स्रोत हैं ।इस उपलब्धि पर बड़कागाँव व हज़ारीबाग़ के अनेकों शिक्षको ने उन्हें बधाई देते हुवे उज्जवल भविष्य की कामना की है।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## पूर्व विधायक ने चौपारण में किया इलेक्ट्रिक दुकान का उदघाटन

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




ग्रामीण बैंक के समीप पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर इलेक्ट्रिक दुकान का उदघाटन किया। संचालक तरुण कुमार व मनीष कुमार ने अतिथियो को बुके देकर स्वागत किया। पूर्व विधायक ने कहा कि आत्मनिर्भर की और बढ़ रहा है चौपारण। इलेक्ट्रिक दुकान भी इसी का एक उदहारण है। पूर्व विधायक ने संचालकों को भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईमानदारी पूर्वक कार्य करें आपके व्यापार में बढ़ोतरी होगा। संचालकों ने बताया कि हौलसेल दर पर बिजली के सभी सामग्री हमारे यहां उपलब्ध है। मौके पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, ताजपुर के पूर्व मुखिया शौकत खान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामस्वरुप, भाजपा नेता अशोक केशरी, दिलीप केशरी, विजय गुप्ता, दिलीप राणा, हेमराज साहु, कैलाश राणा, वृजनंदन सिंह, अनुज सिंह, राजकुमार यादव, मिथुन पांडेय, किशुन साहु, राजकुमार यादव, रामवृक्ष चंद्रवंशी, गणेश स्वर्णकार,

## पंचायत समिति की बैठक का हुआ आयोजन विकास कार्यो का किया गया समीक्षा

### नागरिक सुरक्षा अधिनियम के हुआ सेमिनार का भी आयोजन

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**




कान्हाचट्टी : सोमवार को प्रखण्ड कार्यालय के सभा कक्ष में प्रमुख इंदु देवी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो के संयुक्त अध्यक्षता में प्रखण्ड में हो रहे विकास कार्यो का समीक्षा किया गया ।इस बैठक में सभी विभाग के लोग शामिल हुए ।जिसमे स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा विभाग, वन विभाग, आंगनबाड़ी, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित सभी विभागों के लोग बैठक में उपस्थित हुए ।एक एक कर सभी विभाग का समीक्षा किया गया ।जमरी मुखिया आफताब हुसैन ने बिजली विभाग एवं वन विभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यो पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि वन विभाग सड़क की किनारे ट्रेंच बना दे रहा है ।इस ट्रेंच से कई लोग गढ्ढे में जाकर मृत्यु भी हो जा रही है ।मुखिया ने कहा कि सड़क किनारे वन विभाग ट्रेंच के जगह पर तार फिनिसिंग करे ताकि वह विभाग द्वारा बनाए गए गढ्ढे में गिरकर किसी ब्यक्ति या मवेशियो की मौत न हो ।वहीं बिजली विभाग के द्वारा भी बिजली बिल के नाम पर झूठा मुकदमा कर आम आवाम से गलत तरीके से पैसे की उगाही कर रहा है ।वही दूसरी तरफ नागरिक सुरक्षा को लेकर भी एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया ।मौके पर उपप्रमुख सुमन सिंह, मुखिया आफताब हुसैन,रानी कुमारी, बिजली विभाग के जे ई अशोक कुमार,महेश दास,वन विभाग के मनीष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल हुआ जारी

### 96: लाकर नवीन कुमार स्कूल टॉपर, शत प्रतिशत रहा रिजल्ट

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : प्रखंड के ठाकुर मोहल्ला रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित विद्यालय बीएम मेमोरियल स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल 2022-23 सोमवार को विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार के देखरेख में जारी किया गया। विद्यालय का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। जिसमें क्लास 7 में पढ़ने वाले किसान नरेश कुमार का पुत्र नवीन कुमार ने 96ः लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे नंबर पर कक्षा 9 की छात्रा स्वर्गीय गणेश सोनी की पुत्री शालू कुमारी 95ः , तीसरे स्थान पर कक्षा सात की छात्रा गणेश महतो के पुत्री अर्चना कुमारी 94. 9ः अंक लाकर अपने विद्यालय और अपने परिवार वालों का नाम रोशन किया है। इसके अलावा खुशी कुमारी, मिस्टी गुप्ता, दिव्यांशु कुमार राज, प्रिंस कुमार, श्रृष्टि कुमारी, दानिश रजा, अंजली जायसवाल, आदित्या कुशवाहा, माधुरी कुमारी, अनुषा कुमारी, आयुष राज, रितिका कुमारी, नीलम कुमारी, शाहीन नूरी सहित बच्चों ने बेहतर अंक प्राप्त किए। मौके पर विद्यालय के निदेशक संदीप कुशवाहा ने सभी सफल छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चों ने बहुत ही अच्छा रिजल्ट किया है, यह बच्चों का मेहनत का ही परिणाम है कि आज बड़कागांव जैसे गांव में भी बच्चे सीबीएसई का शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आगे उन्होंने बच्चों को और भी अच्छे प्रकार से पढ़ने की बात कही। प्राचार्या कैलाश कुमार ने बताया कि हमारे विद्यालय के शिक्षक पूरा मेहनत करके बच्चों को पढ़ाते हैं उसी का परिणाम है कि आज बेहतर रिजल्ट हुआ है। साथ ही, उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद सहित अन्य क्रियाकलाप भी कराए जाते हैं। आगे उन्होंने बताया कि हमारे विद्यालय में नामांकन शुरू है जिन बच्चों को अपना नामांकन करवाना है वह आ सकते हैं। मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय के शिक्षक चेयरमैन रंजीत कुमार, उप प्राचार्य पूनम कुमारी, वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान, उमेश कुमार, संदीप शर्मा, अमीन अंसारी, महेंद्र कुमार, विनोद नायक, दिलेश्वर दास, मुकेश दास, एरिका टोप्पो, जेमा तिग्गा, एलिस टोप्पो, मौसिकता राणा, मनीषा कुमारी, अनु कुमारी, आनंद राज, विकास ठाकुर, अफसाना परवीन, स्नेहा कुमारी, आंचल कुमारी, अंजू कुमारी, सोनू कुमार, दुर्गा देवी, अंजू देवी, अभिभावकों में राजेश श्रीवास्तव, नरेश कुमार, रोहित सोनी, प्रदीप महतो, अनीता देवी, पूनम देवी, सुमन गुप्ता, जयवीर कुमार सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## वेतनमान के लिए एकजुट हो राज्य के सहायक अध्यापक : संजय दुबे

### कोडरमा में हुए बैठक में जिले भर से पहुंचे शिक्षक, एक संगठन एक नेता की उठी मांग





**अपेम लाइव :झुमरी तिलैया**

कोडरमा के ध्वजाधारी पहाड़ के प्रांगण में रविवार को सहायक अध्यापकों का जिला स्तरीय बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश नेतृत्वकर्ता संजय कुमार दुबे उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता वीरेंद्र कुमार राय एवं संचालन अमित कुमार ने की। भारी संख्या में जिले भर के सहायक अध्यापक एवं अध्यापिका उपस्थित हुए। अपने अध्यक्षीय भाषण में वीरेंद्र राय ने कहा कि अब तक महागठबंधन की सरकार हमारे बीच फूट डालकर उलझाने का कार्य किया है। आज अलग अलग संगठन का होना वेतनमान के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। सभी के सहयोग से कोडरमा में जिला कमेटी का चुनाव किया जाएगा। जिले की समस्या के समाधान के लिए वर्षो से हर वक्त प्रयासरत रहता हूं। उन्होंने सकारात्मक रूप से जिले के सहायक अध्यापकों को संगठन से जुड़ने की अपील की। वही मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश नेतृत्वकर्ता संजय कुमार दुबे ने कहा कि झारखंड में पारा शिक्षकों की उपलब्धि संगठन की देन है। सरकार से वेतनमान लेना मोर्चा का उद्देश्य है। सभी समस्याओं पर मोर्चा की पैनी नजर है, एक-एक कर सभी स्तर की समस्या का निदान होगा। टेट विसंगति वाले शिक्षकों को बधाई देते हुए उन्होंने राज्य भर के पारा शिक्षकों से अपील की है कि वह एक संगठन के नीचे आकर अपनी चट्टानी एकता बनाए, अब समय आ गया है राज्य भर के पारा शिक्षकों को एक मंच पर आने का। यदि सरकार स्थापना दिवस से पूर्व वेतनमान की घोषणा नही करती है तो ये वर्ष सहायक अध्यापकों के आंदोलन का वर्ष होगा। उन्होंने कोडरमा के सहायक अध्यापकों को भी एक संगठन एक नेता चुनने की बात कही और संगठन में सकारात्मक रूप से सहयोग करने को कहा। बैठक में संगठन की मजबूती पर प्रखंडों के सभी सहायक अध्यापकों के द्वारा बारी-बारी से अपना विचार रखा गया। विचार के उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की कोड. रमा जिला को एक संघ एक मंच के लिए रामनवमी के बाद पहल की जाएगी। इसके अलावा जिला में कोष मजबूती पर भी विचार विमर्श किया गया एवं संगठन के सशक्तिकरण के लिए सीआरसी से लेकर जिला स्तर पर सार्थक प्रयास का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से कुलदीप मेहता प्रदीप कुमार गिरी, वीरेंद्र कुमार साव, वीकेंद्र कुमार, रामू यादव, संजीत भारती, दामोदर यादव, जिला कोषाध्यक्ष देव कुमार पांडे, रेखा कुमारी, जगदीश कुमार, संजय यादव, विपिन कुमार जयकुमार, सुरेश यादव, अजय यादव, आनंद कुमार गिरी, मुंशी यादव, राजीव यादव, शंकर साव, कैलाश राम, अनुराग विश्वकर्मा, प्रवीण कुमार, दीपक कुमार सहित सैकड़ों सहायक अध्यापक उपस्थित हुए।

## पूर्ववर्ती छात्र संगठन ने लगवाया सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहारः पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन की पहल पर लातेहार बालिका प्लस टू स्कूल में नेतरहाट आवासीय विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र संगठन के संकल्प ष्संगिनीष के तहत सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन एवं प्रयोग में लाये गए सेनेटरी पैड को नष्ट करने हेतु इंसीनरेटर मशीन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के आर्थिक सहयोग से इंस्टॉल किया गया। जिसका उद्घाटन संयुक्त रूप से बालिका प्लस टू स्कूल धर्म. पुर प्रधानाध्यापक नीतू अंजना टोप्पो, लातेहार महिला थाना प्रभारी सुनीता कुमारी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की कर्मी अलका लकड़ा के द्वारा किया गया। पूर्ववर्ती छात्र संगठन के द्वारा बिहार झारखंड में अब तक लगभग 480 गांव/बालिका विद्यालयो में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाई जा चुकी है। इस अवसर पर प्लस टू स्कूल की प्रधानाध्यापिका नीतू अंजना टोप्पो ने कहा हमारे विद्यालय में 1500 सौ से ज्यादा बालिका अध्ययन करती है, छव्ठ। ढेंत के द्वारा की गई यह पहल बहुत सराहनीय है ।निःसंदेह बच्चियों को अब माहवारी के समय अपने कक्षा से वंचित नहीं रहना पड़ेगा ।इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी सुनीता कुमारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के माध्यम से लातेहार और चंदवा विद्यालय में लगाया जा रहा है, समय-समय पर सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन का निरीक्षण भी किया जाएगा एवं बच्चियों को स्वच्छ माहवारी के प्रति जागरूक भी किया जाएगा ।इस अवसर पर एसबीआई ब्रांच मैनेजर मनोज कुमार सिंह, सार्जेंट संतोष प्रशिक्षक मुजफ्फर आलम, शिक्षिका ज्योति ज्योत्सना, सरिता कुमारी, विनीता शर्मा, स्मिता केरकेट्टा, रूबी कुमारी समेत अन्य महिला शिक्षिका एवं छात्रा उपस्थित रहीं।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार